गाजर बात नहीं करती है
कैथरीन

गाजर बात नहीं करती है

एक बार बहुत पहले, एक लड़का
और एक लड़की खेल रहे थे.

"मुझे भूख लगी है," लड़के ने कहा. "मेरे पास खाने
के लिए कुछ नहीं है."
"मेरे पास एक सेब है," लड़की ने कहा.
"पर मुझे एक सेब नहीं चाहिए," लड़के ने कहा. मुझे
लगता है कि मैं गाजर लाने के लिए बगीचे में जाऊंगा."
"मैं यहीं रहूँगी," लड़की ने कहा.

फिर लड़का बगीचे में गया. वो एक गाजर
को खींचने लगा. हर बार जब वो खींचता,
तो उसे किसी की आवाज़ सुनाई देती.

"मुझे मत खाओ!" गाजर ने कहा. "अगर
तुम मुझे खाओगे तो मुझे बहुत दुःख होगा."

यह सुनकर लड़का उछल पड़ा. उसने कहा, "यह गाजर नहीं हो सकती. मुझे पता है कि गाजर बात नहीं करती है."

"क्या तुम यह पक्की तौर पर कह सकते हो?" कुत्ते ने पूछा, जो वहां आराम कर रहा था.

"क्या?" लड़के ने कहा. "अब मुझ से कौन
बात कर रहा है? क्या यहाँ और कोई है?"
"हाँ," कुत्ते ने कहा. "यहाँ पर कई हैं.
गाजर है, और मैं भी हूं."

लड़के ने कभी भी बात करने वाली गाजर या बात करने वाले कुत्ते के बारे में नहीं सुना था. वो बहुत डरा गया. वो छिपने के लिए पेड़ के पीछे भागा.

"यहाँ मत छिपो," पेड़ ने कहा.
लड़का वापस कूदा. उसने पूछा, "क्या कोई मुझसे बात कर रहा है? वो पेड़ नहीं हो सकता. क्योंकि मुझे यकीन है कि पेड़ बात नहीं करते."

"इतना यकीन मत करो," पेड़ ने कहा.
"क्या?" लड़के ने पूछा. क्या यहाँ कोई है? ”
"हाँ," पेड़ ने कहा. "गाजर यहाँ है. कुत्ता यहाँ  है,
और मैं भी यहाँ हूँ."

लड़के ने कभी बात करने वाली गाजर, या बात करने वाले कुत्ते, या बात करने वाले पेड़ के बारे में नहीं सुना था. वो बहुत डर गया, इसलिए वो लड़की को खोजने के लिए दौड़ा.

"क्या तुम्हें खाने के लिए कुछ मिला?" लड़की ने पूछा.

"नहीं," लड़के ने कहा. "हर बार जब मैंने गाजर खींचने की कोशिश की, तो गाजर ने मुझ से बात की. फिर एक कुत्ते ने मुझ से बात की, और फिर एक पेड़ ने मुझसे बात की!"

लड़की ने लड़के को एकदम उदास पाया. "तुम बहुत देर तक धूप में घूमे हो. अब तुम घर जाकर आराम करो." "हाँ, मुझे आराम की सख्त ज़रूरत है," लड़के ने कहा.
जब लड़का चला गया, तो लड़की अपना सेब खाने बैठी.

समाप्त